ये अव्यक्त इशारे

समय की समीपता प्रमाण अव्यक्त फरिश्ता बनो

1-04-2023

जैसे सम्पन्नता का समय समीप आता जा रहा है, ऐसे देह-भान रहित फरिश्ता रूप की हर एक को अनुभूति कराओ। जैसे साकार ने कर्म करते, बातचीत करते, डायरेक्शन देते, उमंग-उत्साह बढ़ाते भी देह से न्यारे, सूक्ष्म प्रकाश रूप की अनुभूति कराई। ऐसे बात करते भी आपकी दृष्टि में अलौकिकता दिखाई दे। ऐसे देह-भान से न्यारे रहो जो दूसरे को भी देह का भान नहीं आये।